Parliament of Victoria

# क्या आपकी आयु 60 वर्ष और इससे अधिक है?

## या आप 60 वर्ष और इससे अधिक आयु के किसी व्यक्ति को जानते/जानती हैं?

विक्टोरिया की संसद सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण समुदायों से आने वाले वयोवृद्ध विक्टोरियावासियों के समर्थन के विषय में एक जांच कर रही है और यह आपकी बात सुनना चाहती है।

हम आपको इस बारे में अपने विचारों और अनुभवों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि आपको और अधिक खुशहाल जीवन जीने में किन बातों से सहायता मिलेगी। इनमें शामिल हैं:

- आपके और आपके माता-पिता/दादा-दादी के सामने दिन-प्रतिदिन आने वाली कुछ चुनौतियां क्या हैं?
- क्या आप अपने समुदाय में सुरक्षित महसूस करते/करती हैं?
- क्या आप जानते/जानती हैं कि समर्थन की खोज कहां की जानी चाहिए?
- सेवाओं में सुधार कैसे किया जा सकता है?
- क्या आपके पास कंप्यूटर की सुलभता है और क्या आप इसका उपयोग करना जानते/जानती हैं?
- सामाजिक, शारीरिक और मानसिक रूप से सक्रिय रहने के लिए आप क्या करते/करती हैं?

आप अपनी पसंदीदा भाषा में अपने विचार प्रस्तुत कर सकते/सकती हैं। आप इनमें से किसी माध्यम का चयन कर सकते/सकती हैं:

- पत्र या ईमेल लिखें
- हमारा सर्वेक्षण पूरा करें, या
- वीडियो रिकॉर्ड करें।

आप जो प्रस्तुति जमा करेंगे/करेंगी, उससे विक्टोरिया सरकार को इस बारे में सलाह मिलेगी कि सांस्कृतिक रूप से विविधतापूर्ण पृष्ठभूमियों से आने वाले वयोवृद्ध विक्टोरियावासियों को बेहतर तरीके से समर्थन कैसे दिया जा सकता है।

31 जनवरी 2022 तक प्रस्तुतियां जमा की जा सकती हैं।

## और अधिक जानकारी प्राप्त करें

और अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट parliament.vic.gov.au/oldervictorians पर जाएँ।

यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो कृपया हमें ईमेल से oldervictoriansinquiry@parliament.vic.gov.au पर या फोन से नंबर (03) 8682 2843 पर संपर्क करें।

सभी प्रस्तुतियों को सार्वजनिक दस्तावेजों के रूप में माना जाता है, लेकिन आप गोपनीयता का अनुरोध कर सकते/सकती हैं। आपकी व्यक्तिगत जानकारी को अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ प्रकाशित या साझा नहीं किया जाएगा।